दिनांक 09/09/2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई में काढ़ा वितरण प्रारंभ , विधि बताने के साथ ही , कोरोनावायरस की रोकथाम के लिए लोगों को कर रहे हैं जागरूक

भिलाई नगर/ जिला कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने निगम क्षेत्र में काढ़ा वितरण के निर्देश दिए हैं! निर्देश अनुरूप लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और कोरोना की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत आज से नगर निगम प्रशासन की टीम ने काढ़ा पैकेट का वितरण प्रारंभ कर दिया है। पहले दिन सभी जोन के सहायक राजस्व अधिकारियों की टीम ने चौक चौराहे पर काढ़ा के 500 पैकेट लोगों को बांटे। आगे भी इसी तरह से काढ़ा वितरण शिविर लगाकर किया जाएगा।
आयुर्वेद चिकित्सालय ने उपलब्ध कराए थे 500 पैकेट
निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सालय ने निगम प्रशासन को काढ़ा के कुल 500 पैकेट उपलब्ध कराया था। जिसे महापौर व विधायक श्री देवेंद्र यादव और आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार पांच जोन नेहरू नगर ,वैशाली नगर , मदर टेरेसा, वीर शिवाजी नगर, और सेक्टर 6 के सहायक राजस्व अधिकारी को 100-100 पैकेट वितरण के लिए दिया गया था। जिसे जोन के कर्मचारियों की टीम ने क्षेत्र में शिविर लगाकर वितरण किया। वितरण के दौरान सोशल डिस्टेसिंग के अनुपालन का पूरा ध्यान रखा गया! निगम प्रशासन के कर्मचारियों ने लोगों काढ़ा बनाने से पहले पैकेट के अंदर दी गई विधि एवं निर्धारित मात्रा में सुबह शाम तैयार कर सेवन की जानकारी दी। साथ ही अत्यावश्यक कार्य होने पर मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने की अपील की गई।

जनसंपर्क अधिकारी